# ‘छिपी कला को उभारते हैं हुनर हाट’

## डॉ. मनसुख मांडविया बोले- दस्तकारों व शिल्पकारों की आय को बढ़ाने में हुनर हाट एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म

अमर उजाला ब्यूरो

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया 21 नवंबर तक चलने वाले आयोजन का शुभारंभ**

लखनऊ। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश के हुनर को प्रोत्साहित करना और कला की कद्र करना बहुत जरूरीहै। हुनर हाट का आयोजन इसी दिशा में सरकार की पहल है। इसके माध्यम से देश भर की छिपी कला व हुनर को सम्मानित किया जा रहा है। वे शुक्रवार को अवध विहार योजना ग्राउंड, लखनऊ में 21 नवंबर तक चलने वाले 32वें हुनर हाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत सदियों से पूरे विश्व में दस्तकारी और शिल्पकारी की वस्तुओं का व्यापार करता रहा है। पीएम मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' का नारा दिया है, जिसे हुनर हाट आगे बढ़ा रहा है। देश के दस्तकारों और शिल्पकारों की आय को बढ़ाने में हुनर हाट एक महत्वपूर्ण प्लेटफार्म साबित हुआ है। इसके माध्यम से भारत के हैंडीक्राफ्ट को पूरी दुनिया में प्रसिद्धि मिली है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि बीते 6 वर्षों में हुनर हाट के माध्यम से 6.75 लाख से ज्यादा दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार मुहैया कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर से प्रगति मैदान नई दिल्ली, 26 नवंबर से हैदराबाद, 10 दिसंबर से सूरत और 22 दिसंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में भी हुनर हाट का आयोजन होगा। मैसूर, गुवाहाटी, पुणे, अहमदाबाद, भोपाल, पटना, पुडुचेरी, मुंबई, जम्मू, चेन्नई, चंडीगढ़, आगरा, प्रयागराज, गोवा, जयपुर, बेंगलुरू, कोटा, सिक्किम, श्रीनगर, लेह, शिलांग, रांची, अगरतला में भी हुनर हाट का आयोजन होगा। इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, आशुतोष टंडन, सिद्धार्थनाथ सिंह, ब्रजेश पाठक और अपर मुख्य सचिव, सूचना नवनीत सहगल आदि मौजूद रहे।



अवध विहार योजना ग्राउंड में आयोजित हुनर हाट में लगे स्टाल का अवलोकन करते केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और मुख्तार अब्बास नकवी। साथ मौजूद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन, ब्रजेश पाठक व अन्य। -अमर उजाला

### 600 से ज्यादा दस्तकारों की भागीदारी

लखनऊ के हुनर हाट में विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से ज्यादा दस्तकार, शिल्पकार और कारीगर शामिल हुए हैं। यहां देश के विभिन्न क्षेत्रों के पारंपरिक पकवान भी उपलब्ध हैं। हाट में विश्वकर्मा वाटिका और सर्कस का भी प्रदर्शन होगा।

**जाने-माने कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे :** हुनर हाट में देश के जाने-माने कलाकार अन्नू कपूर, पंकज उधास, कुमार शानू, अलका याग्निक, अल्ताफ राजा, सुरेश वाडेकर, सुदेश भोसले, सदानंद बिस्वास , प्रेम भाटिया, विवेक मिश्रा, दिलबाग सिंह आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

### देश में खाद की कोई कमी नहीं

केंद्रीय रसायन व उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में खाद की कहीं कोई कमी नहीं है। यूपी में नवंबर में छह लाख मीट्रिक टन डीएपी की मांग के सापेक्ष शुरुआती 11 दिनों में ही 2.75 लाख मीट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति हो चुकी है। डीएपी, एनपीके और यूरिया समेत सभी तरह की खाद प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरे देश में नवंबर में 17 लाख मीट्रिक टन डीएपी की मांग हुई है, जबकि 18 लाख मीट्रिक टन आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है।